AMAR UJALA MY CITY PAGE 7

साथ-साथ चलेंगे एक और दो वर्षीय परास्नातक कोर्स

लविवि : अगले सत्र से शुरू होगा एक वर्षीय पीजी पाठ्यक्रम

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में एक वर्षीय और दो वर्षीय परास्नातक कोर्स एक साथ चलेंगे। विद्यार्थी अपनी रुचि के मुताबिक किसी भी कोर्स का चयन कर सकेंगे। लविवि में एक वर्षीय परास्नातक अध्यादेश को कार्यपरिषद के साथ ही राजभवन से अनुमोदन मिल चुका है।

लविवि में सत्र 2021-22 से नई शिक्षा नीति (एनईपी 2020) प्रभावी है। इसमें स्नातक की अवधि तीन वर्ष से बढ़ाकर चार वर्ष कर दी गई है। हालांकि विद्यार्थियों को मल्टीपल एंट्री व एग्जिट की सुविधा भी दी गई है। इससे वह तीन वर्ष में भी स्नातक की उपाधि ले सकेंगे। जबकि चार वर्ष में उन्हें यूजी विद रिसर्च की डिग्री दी जाएगी। लविवि में सत्र 2025-26 से एक वर्षीय परास्नातक कोर्स में दाखिले के लिए प्रवेश प्रक्रिया शुरू होगी। चार वर्षीय स्नातक कोर्स की पढ़ाई पूरी करने वाले विद्यार्थी इसमें दाखिला ले सकेंगे। इसके साथ ही वह सीधे पीएचडी में दाखिला लेने के लिए भी पात्र माने जाएंगे।

आठवें सेमेस्टर में लिखना होगा शोध पत्र

लविवि की डीन एकेडमिक प्रो. गीतांजलि मिश्रा के मुताबिक, चार वर्षीय स्नातक कोर्स में छात्र-छात्राओं को अनिवार्य रूप से शोध पत्र लेखन (डिजर्टेशन) करना होगा। यह उन्हें आठवें सेमेस्टर करना होगा। यह एक तरह की लघु थीसिस होगी जिसमें विद्यार्थी अपने मन पसंद विषय का चयन कर शोध कार्य करेंगे। इसमें शोध निर्देशक मार्गदर्शन भी करेंगे।

15 जनवरी से होंगी प्रयोगात्मक परीक्षाएं

लविवि के शारीरिक शिक्षा विभाग ने छात्र-छात्राओं की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की तिथियां तय कर दी हैं। यहां बीपीएड पहले सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 15 और 16 जनवरी होंगी। वहीं तीसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 17 और 18 जनवरी को कराई जाएंगी। विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि प्रयोगात्मक परीक्षाओं में शामिल होने वाले सभी विद्यार्थियों को विवि के शिवाजी ग्राउंड में सुबह 10 बजे अपनी उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

प्रो. सिराजुद्दीन को लाइफटाइम अवॉर्ड

लखनऊ। लखनऊ विवि के प्राणि विज्ञान विभाग के प्रो. एम. सिराजुद्दीन को एसकेएसएस राष्ट्रीय लाइफ टाइम अवॉर्ड से नवाजा गया है। यह उन्हें 'प्रकृति विज्ञान और प्रोद्योगिकी : आधुनिक जीवनशैली मुद्दे और दृष्टिकोण' विषय पर आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में दिया गया। यह कार्यक्रम पायनियर मॉन्टेसरी कॉलेज में हुआ था। प्रो. सिराजुद्दीन को मत्स्य विज्ञान के क्षेत्र में उनके व्यापक योगदान के लिए यह सम्मान दिया गया है। मछली जैव विविधता, टिकाऊ जलीय कृषि तकनीकों और जलीय पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण के लिए उन्होंने अभूतपूर्व शोध किए हैं। उनके संकाय की पूर्व सदस्य प्रो. मधु त्रिपाठी को भी सम्मानित किया गया है। (संवाद)

योगासन में सुरेश को मिला रजत पदक

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय की क्रीड़ा परिषद एसोसिएशन की ओर से ऑल इंडिया यूनिवर्सिटी गेम्स में प्रतिभाग के लिए गए छात्र सुरेश माली ने व्यक्तिगत योगासन प्रतियोगिता में रजत पदक हासिल किया है। यह प्रतियोगिता उड़ीसा के कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में हुई थी। प्रतियोगिता में बेहतर प्रदर्शन के चलते छात्र ने 2025 में होने वाले खेलो इंडिया चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है। कुलपति प्रो. आलोक राय व क्रीड़ा परिषद के सचिव डॉ. अजय आर्या ने छात्र को शुभकामनाएं दी हैं। (संवाद)

एमएससी के तीन विषयों के परीक्षा कार्यक्रम में संशोधन

संवाद न्यूज एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं के क्रम में परास्नातक स्तर पर एमएससी के तीन विषयों माइक्रोबायोलॉजी, बॉटनी और एनवायरमेंटल साइंस का संशोधित परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है। इसके साथ ही पीजी के 11 अन्य विषयों के भी परीक्षा कार्यक्रम घोषित किए गए हैं। छात्र-छात्राएं लविवि की वेबसाइट पर विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम देख सकते हैं।

परीक्षा नियंत्रक की ओर से जारी संशोधित परीक्षा कार्यक्रम में एमएससी माइक्रोबायोलॉजी, एनवायरमेंटल साइंस और बॉटनी की पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 23 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से 27 जनवरी के बीच प्रस्तावित हैं। इसके साथ ही एमए ज्योतिर्विज्ञान के संशोधित परीक्षा कार्यक्रम में पहले सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 23 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की परीक्षाएं 17 से जनवरी के बीच कराया जाना प्रस्तावित है।

परीक्षा विभाग ने जिन अन्य 11 विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया है उनमें एमए हिंदी, एमए फिलॉसफी, एमए साइकोलॉजी, एमएससी फिजिक्स, एमएससी केमिस्ट्री, एमएससी कंप्यूटर साइंस, बीवॉक, एमए पर्शियन, एमए इकोनॉमिक्स व अन्य विषय शामिल हैं। प्रवक्ता प्रो. दुर्गेश श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा कार्यक्रम के संबंध में किसी तरह की आपत्ति होने पर परीक्षा विभाग में संपर्क किया जा सकता है।

पीजी के 11 और कोर्सों का कार्यक्रम किया जारी

HINDUSTAN PAGE 8

प्रदेश का पहला कंप्यूटेशनल डिसीजन विभाग खुलेगा, यूजी-पीजी कोर्स होंगे शुरू

एलयू में अब आईटी की आधुनिक पढ़ाई कर सकेंगे छात्र-छात्राएं

शुरुआत

■ शाश्वत मिश्रा

लखनऊ। लखनऊ विश्वविद्यालय में प्रदेश का पहला कंप्यूटेशनल डिसीजन विभाग खोला जाएगा। जिसमें आधुनिक आईटी टेक्नोलॉजी की पढ़ाई कराई जाएगी। इंजीनियरिंग संकाय के अंतर्गत खुलने वाले इस विभाग में स्नातक व परास्नातक स्तर के कई पाठ्यक्रमों की पढ़ाई आरंभ होगी।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अभी तक इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस में आईटी की पढ़ाई कराई जाती है। लेकिन नया विभाग खुलने से विद्यार्थी प्रदेश में रहकर ही आईटी क्षेत्र की अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के बारे में पढ़ सकेंगे। डिग्री भी प्राप्त कर पाएंगे। कुलपति के अनुसार, डिपार्टमेंट ऑफ कंप्यूटेशनल डिसीजन प्रदेश में अपनी तरह का पहला विभाग होगा।

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि एलयू अपनी मान मर्यादा बढ़ाने के लिए लगातार प्रयासरत है। वर्ष 2025 में हमारा पूरा प्रयास रहेगा कि विश्वविद्यालय एनआईआरएफ रैंकिंग में शीर्ष 50 में पहुंचे। प्रबंधन और विधि की रैंकिंग में भी सुधार हो। राज्य विश्वविद्यालयों की रैंकिंग में टॉप 25 में आना लक्ष्य है।

क्या पढ़ेंगे विद्यार्थी

विद्यार्थी बड़ी संख्या में डेटा का विश्लेषण करना समझेंगे जिससे संस्थानों को एल्गोरिदम और डेटा आकलन समेत निर्णय लेने में सहायता मिलेगी। पाठ्यक्रम में आगामी शैक्षिक सत्र से प्रवेश लेने की योजना है। जल्द ही सिलेबस इत्यादि बनाने का कार्य शुरू होगा। इस कोर्स की पढ़ाई करने वाले छात्रों के पास मैनेजमेंट एनालिस्ट, मार्केट रिसर्च एनालिस्ट, लॉजिस्टिसियन, ऑपरेशन्स रिसर्च एनालिस्ट आदि में कॅरियर बनाने के विकल्प होंगे।

50 शीर्ष संस्थानों में पहुंचना लक्ष्य एनआईआरएफ रैंकिंग में

25 शीर्ष राज्य विश्वविद्यालयों में रैंकिंग में शुमार होना लक्ष्य

■ अभी इंजीनियरिंग संकाय के कंप्यूटर साइंस में आईटी की पढ़ाई हो रही

■ नए विभाग में एलयू के विद्यार्थी अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी के बारे में जानेंगे

नए परीक्षा भवन से आसान होगा कार्य

कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय ने बताया कि अभी सात स्थानों पर परीक्षा से जुड़े मूल्यांकन का कार्य हो रहा है। लेकिन नया परीक्षा भवन बनने से अलग-अलग विभागों में हो रहा कार्य एक छत के नीचे किया जा सकेगा। इससे मूल्यांकन से लेकर परिणाम जारी करने तक का कार्य एक ही जगह हो सकेगा। इससे 10 से 15 दिन पहले नतीजे जारी हो सकेंगे।

विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ाना होगा लक्ष्य

लखनऊ विश्वविद्यालय में विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ाने के लिए जल्द ही एलयू का प्रतिनिधिमंडल उन देशों के लिए रवाना होगा। कुलपति प्रोफेसर आलोक कुमार राय का कहना है कि इसके लिए सेंट्रल एशिया देशों से निमंत्रण प्राप्त हुआ है। उन्होंने कहा कि विदेशी छात्रों की संख्या बढ़ाना हमारी प्राथमिकता में शामिल है।

छात्र को योगासन में रजत

एलयू के छात्र ने कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भुवनेश्वर में ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योगासन चैंपियनशिप में सिल्वर हासिल किया। पुरूष वर्ग में सुरेश माली ने मेडल पर कब्जा जमाया। एलयू क्रीड़ा परिषद के सचिव प्रो. अजय कुमार आर्य ने जानकारी दी।

एलयू: एमए, एमएससी के कई कोर्स की परीक्षा 13 से

कार्यक्रम

लखनऊ, संवाददाता। लखनऊ विश्वविद्यालय में शैक्षिक सत्र 2024-25 विषम सेमेस्टर परीक्षा के तहत स्नातक और परास्नातक स्तर के 13 पाठ्यक्रमों का परीक्षा कार्यक्रम घोषित किया गया है। जिसे छात्र-छात्राएं एलयू की वेबसाइट पर जाकर देख सकते हैं। इस संबंध में परीक्षा नियंत्रक की ओर से सूचना भी जारी कर दी गई है।

परीक्षाओं के बाबत परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने बताया कि बीवोक सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट एनईपी ओल्ड एंड न्यू प्रथम सेमेस्टर की तीन से 15 जनवरी, तृतीय की चार से 13 जनवरी व पंचम की तीन से 12 जनवरी तक कराई जाएगी। जबकि एमएससी पर्यावरणीय विज्ञान प्रथम सेमेस्टर की परीक्षाएं 13 से 23 जनवरी व तृतीय की 15 से 27 जनवरी, एमएससी भौतिक विज्ञान प्रथम की 13 से 28 जनवरी, तृतीय 18 से 27 जनवरी, एमएससी माइक्रोबायोलॉजी प्रथम सेमेस्टर 13 से 23 जनवरी, तृतीय 15 से 27 जनवरी, एमएससी कंप्यूटर साइंस प्रथम 13 से 21 जनवरी व तृतीय 17 से 27 जनवरी और एमएससी वनस्पति विज्ञान प्रथम सेमेस्टर की 13 से 23 जनवरी और तृतीय की 15 से 24 जनवरी तक आयोजित होगी।

इसी तरह एमए पर्सियन प्रथम सेमेस्टर की 13 से 25 जनवरी, तृतीय 17 से 27 जनवरी, एमए समाजशास्त्र प्रथम 13 से 25 जनवरी व तृतीय सेमेस्टर की 18 से 27 जनवरी, एमए दर्शनशास्त्र हिन्दी प्रथम 13 से 25 जनवरी व तृतीय सेमेस्टर की 17 से 27 जनवरी, एमए मनोविज्ञान प्रथम सेमेस्टर की 13 से 23 जनवरी व तृतीय की 17 से 24 जनवरी, एमए ज्योतिर्विज्ञान प्रथम सेमेस्टर 13 से 23 व तृतीय 17 से 27 जनवरी और एमए ड्राइंग एंड पेंटिंग प्रथम सेमेस्टर 21 से 23 जनवरी और तृतीय की 20 से 24 जनवरी तक कराई जाएगी।

अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट देखें: इसके अलावा बीपीएड और एमपीएड पाठ्यक्रम के प्रयोगात्मक और आंतरिक परीक्षा की समय सारिणी भी जारी कर दी गई है। अधिक जानकारी के लिए बता दें कि छात्र-छात्राएं लखनऊ विश्वविद्यालय की वेबसाइट देख सकते हैं।

प्रैक्टिकल, इंटरनल के अंक 20 तक अपलोड करें

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी का कहना है कि विषम सेमेस्टर 2024 के स्नातक और परास्नातक पाठ्यक्रमों की आंतरिक, प्रयोगात्मक और मौखिक परीक्षाओं के अंक 20 जनवरी तक अपलोड करने के निर्देश जारी किए गए हैं। इस संबंध में सभी संबद्ध कॉलेजों को पत्र भी भेज दिया गया है। परीक्षा नियंत्रक ने बताया कि कॉलेजों में जिन विषयों में परीक्षार्थियों की संख्या 10 से कम है, वह अपने नजदीक के परीक्षा केंद्र पर प्रयोगात्मक व मौखिक परीक्षाएं करा सकते हैं। इसके लिए परीक्षा नियंत्रक से अनुमति लेनी होगी।

i-NEXT PAGE 5

20 तक ऑनलाइन मार्क्स करें अपलोड

परीक्षा नियंत्रक ने सभी डिग्री कालेजों को दिए आदेश

LUCKNOW (28 DEC): लखनऊ यूनिवर्सिटी के सभी विभागों एवं संबद्ध महाविद्यालयों को अपने यहां अध्ययनरत विषम सेमेस्टर के स्टूडेंट्स के आंतरिक, प्रयोगात्मक एवं मौखिक परीक्षाओं के अंक 20 जनवरी तक अनिवार्य रूप से आनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने होंगे. इसकी हार्ड कापी भी कालेजों को यूनिवर्सिटी के परीक्षा विभाग को 24 जनवरी तक उपलब्ध करानी होगी. परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली व लखीमपुर खीरी के कालेजों को निर्देश जारी किए हैं.

शिक्षकों की नियुक्ति को दिया अनुमोदन

चल रहे हैं एग्जाम

दरअसल, अभी लखनऊ यूनिवर्सिटी की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं चल रही हैं. इसी के साथ आंतरिक परीक्षाओं के मूल्यांकन के अंक भी अपलोड करने की समय सीमा निर्धारित की गई है, जिससे समय से रिजल्ट जारी किए जा सकें.

तो दूसरे सेंटर पर कराएं प्रैक्टिकल एग्जाम

परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी की ओर से जारी पत्र के अनुसार जिन कालेजों के किसी भी विषय में यदि 10 से कम छात्र संख्या है तो ऐसे छात्रों की सूची परीक्षा नियंत्रक को भेजनी होगी. वहां से अनुमति लेकर अपने नजदीकी कालेज के परीक्षा केंद्र पर प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा दे सकते हैं.

लखनऊ विश्वविद्यालय ने स्ववित्तपोषित योजना के अंतर्गत संचालित कोर्स में शिक्षकों की नियुक्ति को अंतिम अनुमोदन दे दिया है. इनमें रजत पीजी कालेज इंदिरा नगर में एम.ए समाज शास्त्र के चार असिस्टेंट प्रोफेसर, बीपीएड के पांच, एमपीएड के चार, रजत कालेज आफ एजुकेशन एंड मैनेजमेंट में एमपीएड के चार असिस्टेंट प्रोफेसर की नियुक्ति शामिल है. इस संबंध में कुलसचिव विद्यानंद त्रिपाठी ने पत्र जारी किया है.

एमपीएड के प्रैक्टिकल 7 से

लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग ने शनिवार को बीपीएड, एमपीएड पहले व तीसरे सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षाओं की समय सारिणी जारी की है. विभागाध्यक्ष प्रो. रूपेश कुमार ने बताया कि प्रथम सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा सात जनवरी, तीसरे सेमेस्टर की आठ व नौ जनवरी को होंगी. बीपीएड पहले सेमेस्टर की प्रयोगात्मक परीक्षा 15, 16 जनवरी और तीसरे सेमेस्टर की 17-18 जनवरी को होगी.

31 तक बढ़ी परीक्षा फार्म भरने की डेट

डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय ने विषम सेमेस्टर परीक्षाओं के आनलाइन फार्म भरने की डेट 31 दिसंबर तक बढ़ा दी है. अभी तक 25 दिसंबर तक का मौका दिया गया था. परीक्षा नियंत्रक डा. अमित कुमार राय ने विश्वविद्यालय की वेबसाइट https://dsmru.up.nic.in/ पर इसके विस्तृत निर्देश जारी किए हैं.

अगले साल से ऑनलाइन एमबीए

GOOD NEWS

एलयू के ऑनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र की ओर से होगा संचालन

LUCKNOW (28 DEC): लखनऊ यूनिवर्सिटी अब नए सत्र से आनलाइन एमबीए कोर्स की पढ़ाई की सुविधा भी देगा. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से इस कोर्स के संचालन को मंजूरी मिल चुकी है. कोर्स की अवधि दो साल की होगी. यूजी पास कोई भी अभ्यर्थी इसमें एडमिशन ले सकेगा.

कई ऑनलाइन कोर्स शुरू

लखनऊ यूनिवर्सिटी में इसी साल से कई आनलाइन कोर्सों की पढ़ाई शुरू हुई है. इसमें आनलाइन बीकाम, बीबीए, एमकाम, एमए अंग्रेजी, एमए इकोनामिक्स, एमए पालीटिकल साइंस व एमएस डब्ल्यू कोर्स शामिल हैं. लखनऊ विश्वविद्यालय आनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र (एलयूकोड) के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने बताया कि अब नए सत्र से आनलाइन एमबीए में भी एडमिशन लिए जा सकेंगे. इसमें यूजीसी और लखनऊ यूनिवर्सिटी की प्रवेश गाइडलाइन लागू रहेगी.

20 से 25 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर होगी फीस



आनलाइन एमबीए की खास बात ये है कि इस कोर्स की फीस 20 से 25 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर प्रस्तावित की गई है जो कैंपस में संचालित एमबीए कोर्स से बहुत कम है. वित्त समिति में फीस पर अंतिम मुहर लगेगी. प्रो. भार्गव ने बताया कि इस कोर्स में चार सेमेस्टर होंगे. इसके तीसरे सेमेस्टर में विद्यार्थी एमबीए फाइनेंस, मार्केटिंग, ह्यूमर रिर्सोस (एचआर), इंटरनेशनल बिजनेस (आईबी) में विशेषज्ञता भी हासिल कर सकेंगे. इसमें अध्ययन सामग्री आनलाइन ही मिलेगी. विद्यार्थी को सिर्फ परीक्षा देने कैंपस आना होगा.

ऑनलाइन हुए शुरू कोर्स

- बीकाम
- बीबीए
- एमकाम
- एमए अंग्रेजी
- एमए इकोनामिक्स
- एमए पालीटिकल साइंस
- एमएस डब्ल्यू कोर्स

लखनऊ विश्वविद्यालय : 20 तक अपलोड करने होंगे आनलाइन अंक

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के सभी विभागों एवं संबद्ध महाविद्यालयों को अपने यहां अध्ययनरत विषम सेमेस्टर के छात्र-छात्राओं के आंतरिक, प्रयोगात्मक एवं मौखिक परीक्षाओं के अंक 20 जनवरी तक अनिवार्य रूप से आनलाइन पोर्टल पर अपलोड करने होंगे। इसकी हार्ड कापी भी कालेजों को विश्वविद्यालय के परीक्षा विभाग को 24 जनवरी तक उपलब्ध करानी होगी। परीक्षा नियंत्रक विद्यानंद त्रिपाठी ने लखनऊ, सीतापुर, हरदोई, रायबरेली व लखीमपुर खीरी के कालेजों को निर्देश जारी किए हैं।

दरअसल, वर्तमान में लवि की विषम सेमेस्टर परीक्षाएं संचालित हैं। इसी के साथ आंतरिक परीक्षाओं के मूल्यांकन के अंक भी अपलोड करने की समय सीमा निर्धारित की गई है, जिससे समय से परीक्षा परिणाम जारी किए जा सकें। परीक्षा नियंत्रक की ओर से जरी पत्र के अनुसार जिन कालेजों के किसी भी विषय में 10 से कम छात्र संख्या है तो ऐसे छात्रों की सूची परीक्षा नियंत्रक को भेजनी होगी। वहां से अनुमति लेकर नजदीकी कालेज के परीक्षा केंद्र पर प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा दे सकते हैं।

पीजी के 13 विषयों का परीक्षा कार्यक्रम जारी, तीन में बदलाव

लवि ने बी वाक सहित परास्नातक के 13 विषयों की विषम सेमेस्टर की परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी किया। बी वाक साफ्टवेयर डेवलपमेंट, एमए ज्योतिर्विज्ञान, एम एससी फिजिक्स, एम ए पर्शियन, एम ए साइकोलाजी, एम ए फिलासफी, एम ए ड्राइंग एंड पेंटिंग, एमएससी कंप्यूटर साइंस, एमए इकोनामिक्स, एमए सिविलाइजेशन, एमए डिफेंस स्टडीज शामिल है। वहीं, एमएससी माइक्रोबायोलाजी, एमएससी इनवायरमेंटल साइंस, एमएससी बाटनी का परीक्षा कार्यक्रम बदल दिया।

कम छात्र संख्या है तो ऐसे छात्रों की सूची परीक्षा नियंत्रक को भेजनी होगी। वहां से अनुमति लेकर नजदीकी कालेज के परीक्षा केंद्र पर प्रयोगात्मक/मौखिक परीक्षा दे सकते हैं।

नए सत्र से आनलाइन एमबीए कोर्स में भी दाखिले

लखनऊ विश्वविद्यालय के आनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र की ओर से होगा संचालन

जासं • लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय अब नए सत्र से आनलाइन एमबीए पाठ्यक्रम की पढ़ाई की सुविधा भी देगा। विश्वविद्यालय अनुदान आयोग से इस कोर्स के संचालन की मंजूरी मिल चुकी है। कोर्स की अवधि दो साल की होगी। स्नातक उत्तीर्ण कोई भी अभ्यर्थी इसमें प्रवेश ले सकेगा।

लवि में इसी साल से कई आनलाइन पाठ्यक्रमों की पढ़ाई शुरू हुई है। इसमें आनलाइन बीकाम, बीबीए, एमकाम, एमए अंग्रेजी, एमए इकोनामिक्स, एमए पालीटिकल साइंस व एमएस डब्ल्यू कोर्स शामिल हैं। लखनऊ विश्वविद्यालय आनलाइन एवं दूरस्थ शिक्षा केंद्र (एलयूकोड) के निदेशक प्रो. पीयूष भार्गव ने बताया कि अब नए सत्र से आनलाइन एमबीए में भी प्रवेश लिए जा सकेंगे। इसमें यूजीसी और लवि की प्रवेश गाइडलाइन लागू रहेगी।

20 से 25 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर होगी फीस : आनलाइन एमबीए की खास बात ये है कि इस कोर्स की फीस 20 से 25 हजार रुपये प्रति सेमेस्टर प्रस्तावित की गई है जो कैंपस में संचालित एमबीए कोर्स से बहुत कम है। वित्त समिति में फीस पर अंतिम मुहर लगेगी। प्रो. भार्गव ने बताया कि इस कोर्स में चार सेमेस्टर होंगे। इसके तीसरे सेमेस्टर में विद्यार्थी एमबीए फाइनेंस, मार्केटिंग, ह्यूमर रिर्सोस (एचआर), इंटरनेशनल बिजनेस (आईबी) में विशेषज्ञता भी हासिल कर सकेंगे। इसमें अध्ययन सामग्री आनलाइन ही मिलेगी।

कैंपस में दो जगह संचालित हैं एमबीए पाठ्यक्रम

लवि के पुराने परिसर में प्रबंधन विभाग में लुंबा की ओर से 1975 से एमबीए कोर्स संचालित है। विभाग के शिक्षक डा. संजय मेघावी ने बताया कि कई विद्यार्थियों को चार लाख रुपये का स्कालर फेलेज मिल चुका है। इसके अलावा हाल ही में सिर्फ छात्र छात्री पोस्टरों के लिए आनलाइन और आफलाइन मोड पर एजीसुएटिव एमबीए कोर्स भी शुरू किया गया है। इसकी फीस करीब एक लाख रुपये के आसपास है। वहीं, द्वितीय परिसर के आइएमएस संस्थान में एमबीए पाठ्यक्रम भी संचालित है।

शुरू होगी बी.एससी क्लिनिकल साइकोलाजी आनर्स की पढ़ाई

जागरण संवाददाता • लखनऊ : डा. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में नए सत्र 2025-26 से चार वर्षीय बीएससी क्लिनिकल साइकोलाजी (आनर्स) पाठ्यक्रम की पढ़ाई शुरू होगी। भारतीय पुनर्वास परिषद (आरसीआइए) की ओर से विश्वविद्यालय को इसकी अनुमति मिल गई है। आगामी एकेडमिक काउंसिल की बैठक में इसके संचालन का प्रस्ताव रखा जाएगा।

विश्वविद्यालय में स्नातक और परास्नातक के 50 पाठ्यक्रम संचालित हैं। विश्वविद्यालय के डीन एकेडमिक्स प्रो. बीके सिंह ने बताया कि अभी तक एक संबद्ध महाविद्यालय में एमफिल क्लिनिकल साइकोलाजी पाठ्यक्रम चलता था। अब आरसीआइए ने विश्वविद्यालय स्तर पर बीएससी क्लिनिकल साइकोलाजी चलाने की अनुमति दी है। जल्द ही इसका पाठ्यक्रम तैयार किया जाएगा।

यह कोर्स मानसिक स्वास्थ्य शिक्षा को बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा। प्रवक्ता प्रो. सज्जाद बेहतर ने बताया कि मानसिक स्वास्थ्य संबंधी मुद्दे वैश्विक स्तर पर एक बढ़ती हुई चिंता का विषय हैं। समय पर हस्तक्षेप और उचित जागरूकता से मानसिक बीमारियों को रोका जा सकता है।

मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने वाले पेशेवरों की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। इसी आधार पर आरसीआइए ने बीएससी क्लिनिकल साइकोलाजी (आनर्स) पाठ्यक्रम शुरू करने की अनुमति दी है।

प्रोफेसरों को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड

जासं • लखनऊ : पायनियर मांटेसरी कालेज, एल्डिको में आयोजित दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में लखनऊ विश्वविद्यालय के दो प्रोफेसरों को एसकेएसएस राष्ट्रीय लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2024 से शनिवार को सम्मानित किया गया। इनमें जंतु विज्ञान विभाग के प्रमुख प्रो. एम. सिराजुद्दीन और पूर्व प्रमुख व सेवानिवृत्त संकाय की सदस्य प्रो. मधु त्रिपाठी शामिल हैं।

प्रो. एम सिराजुद्दीन को मत्स्य विज्ञान के क्षेत्र में उनके व्यापक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। मछली जैव विविधता, टिकाऊ जलीय कृषि तकनीकों और जलीय पारिस्थितिक तंत्र के संरक्षण में उनके अभूतपूर्व शोध ने न केवल अकादमिक ज्ञान को समृद्ध किया है, बल्कि भारत में मत्स्य संसाधनों के प्रबंधन के लिए व्यावहारिक समाधान भी प्रदान किए हैं। वहीं, प्रो. मधु त्रिपाठी को वैज्ञानिक शोध और शिक्षा में उनके आजीवन समर्पण के लिए सराहा गया।

प्रो. एम. सिराजुद्दीन और प्रो. मधु त्रिपाठी को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2024 से सम्मानित किया गया • जागरण

सुरेश ने योगासन प्रतियोगिता में जीता सिल्वर मेडल

जासं • लखनऊ : कलिंगा इंस्टीट्यूट आफ टेक्नोलाजी (किट), भुवनेश्वर (ओडिशा) में चल रहे आल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योगासन चैंपियनशिप

2024 में पुरुष वर्ग में लवि के सुरेश माली ने योगासन प्रतियोगिता में अच्छा प्रदर्शन करते हुए सिल्वर मेडल जीता। साथ ही 2025 में होने वाली खेलो इंडिया चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया है। कोच ब्रजेश सिंह वर्मा और योगा क्लब के प्रेसिडेंट डा. उमेश शुक्ला ने खिलाड़ियों हौसला बढ़ाया।

AMRIT VICHAR PAGE 4

पदक और ट्रॉफी के साथ सुरेश।

लविवि के सुरेश माली ने योग में जीता रजत

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ विश्वविद्यालय के छात्र सुरेश माली ने कलिंगा इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी भुवनेश्वर में रजत पदक जीता है। उन्होंने ऑल इंडिया इंटर यूनिवर्सिटी योगासन चैंपियनशिप के पुरुष वर्ग में लखनऊ यूनिवर्सिटी का प्रतिनिधित्व किया। इंडिविजुअल योगासन में दूसरा स्थान प्राप्त किया। उन्होंने 2025 में होने वाली खेलो इंडिया चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर लिया है।

अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में शिक्षक सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : पायनियर मांटेसरी कॉलेज एल्डिको में आयोजित प्रकृति, विज्ञान और प्रौद्योगिकी में दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें प्राणी विज्ञान विभागाध्यक्ष प्रो. एम. सिराजुद्दीन और पूर्व प्रमुख व सेवानिवृत्त जूलॉजी संकाय की सदस्य प्रो. मधु त्रिपाठी को राष्ट्रीय लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड-2024 दिया गया। प्रो. एम. सिराजुद्दीन को मत्स्य विज्ञान के क्षेत्र में उनके व्यापक योगदान के लिए सम्मानित किया गया। प्रो. मधु त्रिपाठी जो जंतु विज्ञान में पशु व्यवहार और जैव विविधता पर केंद्रित शिक्षाविद हैं। उनके योगदान ने वैज्ञानिक समुदाय पर एक अमिट छाप छोड़ी है और अनगिनत छात्रों और शोधकर्ताओं को प्रेरित किया है।

शारीरिक शिक्षा विभाग की प्रयोगात्मक परीक्षा 15 से

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

लखनऊ विश्वविद्यालय में एमएससी रसायन विज्ञान विभाग की प्रयोगात्मक परीक्षाएं 13 से 24 तक होंगी

अमृत विचार : लखनऊ विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग ने प्रयोगात्मक परीक्षाओं का कार्यक्रम जारी कर दिया है। बीपीएड सत्र 2024-25 की प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 15 से लेकर 18 जनवरी के बीच होंगी।

परीक्षार्थियों को फाइल और किट के साथ सुबह 10 बजे विश्वविद्यालय के छत्रपति शिवाजी मैदान में आना होगा। एमपीएड प्रथम और तृतीय सेमेस्टर की परीक्षाएं 7,8 और 9 जनवरी को सुबह 10 बजे से इसी मैदान पर होंगी।

विश्वविद्यालय के एमएससी रसायन विज्ञान विभाग सेमेस्टर एक और तीन की परीक्षाएं 13 से 24 जनवरी तक होंगी। एमएससी भौतिक विज्ञान सेमेस्टर एक और तीन की परीक्षाएं 13 से 27 जनवरी तक, अर्थशास्त्र एमए सेमेस्टर एक और तीन की परीक्षाएं 13 से 24 जनवरी, इसी अवधि में एमए परसियन सेमेस्टर एक और तीन, समाजशास्त्र एमए सेमेस्टर एक और तीन, दर्शन शास्त्र एमए सेमेस्टर एक और तीन की परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

एमए ज्योतिर्विज्ञान, रसायन विज्ञान, माइक्रोबॉयोलाजी, कम्प्यूटर विज्ञान, हिंदी, मनोविज्ञान की सेमेस्टर एक और तीन की परीक्षाएं 13 से 27 जनवरी के बीच आयोजित की गई हैं। परीक्षार्थी विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम की जानकारी विश्ववि